आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

सरकार गठन

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में, 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री इस बैठक के तुरंत बाद राष्ट्रपति भवन पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपन इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अगली सरकार बनने तक नरेन्द्र मोदी कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहेंगे। इस बीच, एनडीए की आज दिल्ली में बैठक हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है। ये बैठक प्रधानमंत्री आवास पर चल रही है।

पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस आज प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। इस साल का थीम है "भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता"। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर एक प्रभावशाली स्लोगन को शामिल किया जाता है, जो थीम के अनुरूप होता है। इस वर्ष का स्लोगन है "हमारी धरती हमारा भविष्य।इस अवसर पर आज शिमला के गेयटी थियेटर में पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हिमकोस्ट द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की।

टैरिटोरियल आर्मी की एक सौ 33वीं इन्फेंट्री बटालियन इको डोगरा ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आर.एम.एस. चैल के कैडेटों के सहयोग से वृक्षा रोवण का आयोजन किया। बटालियन ने 3 से 5 जून तक पर्यावरण को लेकर विभिन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

संत निरंकारी मिशन ने इस मौके पर शिमला में पौध रोपण व सफाई कार्यक्रम आयोजित किया और रिज मैदान पर मानव श्रृंखला बना कर तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरीश जनारथा ने किया।

लाहौल पर्यावरण

लाहौल स्पीति में विश्व पर्यावरण दिवस अटल टनल रोहतांग के समीप जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन ने संयुक्त रूप से मनाया। इस मौके पर जहां स्कूली बच्चों और वन विभाग के कर्मियों द्वारा रैली निकाली गई वहीं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्लू वन वृत के आरण्यपाल संदीप शर्मा ने की। लाहौल स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने इस मौके पर पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए जिले में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

चंबा पर्यावरण

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर चंबा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों और अन्य लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के छात्र व छात्राओं ने चंबा बाजार में एक जागरूकता रैली निकाली और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उधर किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने स्कूली बच्चों और वन कर्मियों को पर्यावरण की शपथ दिलाई और देवदार का पौधा रोपित किया। सोलन शहर में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर निगम आयुक्त एकता कपटा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

नीट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा—नीट—यूजी का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम सम्बधित वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी।

भर्ती

अग्नि पथ योजना के तहत कांगड़ा और चंबा जिला के पहले चरण में चयनित अभियार्थियों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया 27 जून से आठ जुलाई तक आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष शर्मा ने कहा कि पहले ये प्रक्रिया 28 जून से आरंभ होनी थी। उन्होंने कहा कि भर्ती की ये प्रक्रिया धर्मशाला के स्पोर्टस सिंथेटिक ट्रैक पर होगी और स्थान व समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

निधन

प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कंवर शमशेर सिंह का आज शिमला में निधन हो गया वे 80 वर्ष के थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कंवर शमशेर सिंह के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि कंवर शमशेर सिंह ने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए राज्य की सेवा की और वे एक समर्पित अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि कंवर शमशेर सिंह की सेवाओं को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

———————————————————————————